This question paper contains 8 printed pages]

*Your Roll No.* ....................................

**7864**

**LL.B. / V Term** **E**

Paper LB-501—CIVIL PROCEDURE

*Time* : 3 *Hours* *Maximum Marks* : 100

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 100

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

*Note* :— Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**टिप्पणी** : इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेज़ी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए ।

Attempt any *five* questions.

*All* questions carry equal marks.

किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

**सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।

(*a*) Where in a suit for specific performance an issue arises whether the plaintiff is an agriculturist or not, would the civil have the jurisdiction to decide the issue or would have to refer the issue to the authority constituted under section 85-A of the Bombay Tenancy and Agricultural Lands Act, 1948, i.e. Mamlatdar ? 10

(*b*) A large number of foreign decrees in matrimonial matters are becoming the order of the day. Therefore Supreme Court has laid down certain important rules of private international law for recognition of foreign decrees in matrimonial matters. What are these rules/ guidelines ? 10

(*a*) विनिर्दिष्ट पालन हेतु वाद में जब विवाद्यक पैदा हो जाता है कि क्या वादी कृषक है या नहीं तो क्या सिविल को उक्त विवाद्यक को विनिश्चित करने की अधिकारिता है अथवा इस विवाद्यक को बोम्बे टेनेन्सी एंड एग्रीकल्चरल लैंड्स एक्ट, 1948 की धारा 85-A के अधीन गठित प्राधिकरण अथवा मामलातदार को निर्दिष्ट करना होगा ?

(*b*) वैवाहिक मामलों में बड़ी संख्या में विदेशी डिक्रियाँ रोज़मर्रा की बात हो गई हैं । अतः उच्चतम न्यायालय ने वैवाहिक मामलों में विदेशी डिक्रियों की मान्यता हेतु प्राइवेट अन्तर्राष्ट्रीय विधि के कतिपय महत्वपूर्ण नियम अधिकथित किए हैं । ये नियम/दिशानिर्देश क्या हैं ?

2. (*a*) An employee of the municipal corporation is dismissed from service on corruption charges. He challenged the said decision by filing a writ petition in the High Court. The writ petition is dismissed. Then he filed a civil suit on the similar grounds seeking same relief. To the plea of res judicata taken by the municipal corporation, he contends that res judicata does not apply to writ petition. Is this suit maintainable ? Decide. 10

(*b*) Whether res judicata applies between co-defendants and co-plaintiffs ? Discuss. 10

(*a*) नगर निगम के किसी कर्मचारी को भ्रष्टाचार के आरोपों पर सेवा से बरखास्त कर दिया गया है । उसने उच्च न्यायालय में रिट याचिका फाइल करके उक्त विनिश्चय को आक्षेपित किया है । रिट याचिका खारिज कर दी

जाती है । फिर उसने समरूप आधारों पर वही राहत माँगते हुए सिविल वाद फाइल कर दिया । नगर निगम द्वारा पूर्वन्याय के अभिकथन पर वह प्रतिवाद करता है कि रिट याचिका पर पूर्वन्याय लागू नहीं होता है । क्या उक्त वाद पोषणीय है ? विनिश्चय कीजिए ।

(*b*) क्या पूर्वन्याय सह–प्रतिवादियों और सह–वादियों के बीच लागू होता है ? विवेचन कीजिए ।

3. (*a*) Discuss the rules regarding producing the additional evidence at the appellate stage. 10

(*b*) Lok adalats have no adjudicatory or judicial functions. No lok adalat has power to 'hear' parties to adjudicate cases as court does. Discuss. 10

(*a*) अपीलीय अवस्था पर अतिरिक्त साक्ष्य प्रस्तुत करने सम्बन्धी नियमों का विवेचन कीजिए ।

(*b*) लोक अदालतों के पास कोई न्यायनिर्णायक या न्यायिक प्रकार्य नहीं होते हैं । किसी लोक अदालत के पास न्यायालयों की तरह न्यायनिर्णय करने के लिए पक्षकारों की सुनवाई करने का अधिकार नहीं है । विवेचन कीजिए ।

4. A review by no means an appeal in disguise whereby an erroneous decision is reheard and corrected, but lies only for patent error. Support the statement with the help of the provisions and case law. 20

पुनर्विलोकन किसी भी तरह अन्य रूप में अपील नहीं होता है जिसके द्वारा किसी गलत विनिश्चय को पुन: सुना तथा शोधित किया जाए बल्कि यह प्रत्यक्ष गलती होने पर किया जाता है । उपबंधों तथा निर्णय विधि की सहायता से उक्त कथन की पुष्टि कीजिए ।

5. (*a*) "When an ex parte decree is passed, the defendant has two clear options, one to file an appeal and another to file an application for setting aside the order in terms of Order 9 Rule 13 of the Code." Can he take recourse to both the proceedings simultaneously ? Discuss having regard to explanation appended to Order 9 Rule 13 of the Code. 10

(*b*) Rules of procedure are designed to facilitate justice and further its ends; not a penal enactment for punishment and penalties. Discuss the statement in the light of the law laid down in the judgement 'Sangram Singh *Vs.* Election Tribunal'. 10

(*a*) "जब कोई एकपक्षीय डिक्री पारित की जाती है तब प्रतिवादी के पास दो स्पष्ट विकल्प होते हैं – एक अपील फाइल करना तथा अन्य संहिता के आदेश 9 नियम 13 के निबन्धन सहित आदेश को अपास्त किए जाने हेतु अर्जी फाइल करना ।" क्या वह दोनों कार्यवाहियों का एक समय पर अवलम्ब ले सकता है ? संहिता के आदेश 9 नियम 13 के साथ संलग्न स्पष्टीकरण को ध्यान में रखकर विवेचन कीजिए ।

(*b*) प्रक्रिया के नियम न्याय को सुकर बनाने तथा इसके उद्देश्य को अग्रसर करने के लिए अभिकल्पित किए गए हैं; ये दंड तथा शास्तियों हेतु दांडिक अधिनियमिती नहीं हैं । संग्राम सिंह **बनाम** निर्वाचन अधिकरण के निर्णय में अधिकथित विधि को ध्यान में रखते हुए उक्त कथन का विवेचन कीजिए ।

6. (*a*) Whether an application under Order 7 Rule 11 CPC ought to be decided on the allegations in the plaint and filing of written statement by the defendant is wholly irrelevant. Discuss the law and principles laid down by the courts in this regard. 10

(*b*) What are the conditions required to be fulfilled for grant of ad interim injunction ex parte ? What is the remedy available to the other side for vacation of the stay ? 10

(*a*) क्या सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश 7 नियम 11 के अधीन किसी अर्जी को वादपत्र में लांछनों पर विनिश्चित किया जाना चाहिए तथा प्रतिवादी द्वारा लिखित वक्तव्य फाइल किया जाना पूर्णत: असंगत है ? इस बारे में न्यायालयों द्वारा अधिकथित विधि तथा सिद्धान्तों का विवेचन कीजिए ।

(*b*) एकपक्षीय अंतरिम व्यादेश की मंजूरी हेतु किन शर्तों का पूरा किया जाना अपेक्षित है ? रोक को निष्प्रभावी करने हेतु अन्य पक्ष को क्या उपाय सुलभ है ?

7. What is the distinction between suits instituted under ordinary procedure and suits instituted under Order 37 of the CPC ? 20

सामान्य प्रक्रिया के तहत संस्थित वादों और सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश 37 के अधीन संस्थित वादों के बीच क्या सुभिन्नता है ?

8. Attempt any *four* of the following : 20

(*a*) Distinction between Decree and Order

(*b*) Provisions of Order 2 Rule 2

(*c*) Suits by or against Government

(*d*) Inherent powers of the court

(*e*) Place of suing.

निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** के उत्तर लिखिए :

(*a*) डिक्री तथा आदेश के बीच सुभिन्नता

(*b*) आदेश 2 नियम 2 के उपबंध

(*c*) सरकार द्वारा अथवा उसके विरुद्ध वाद

(*d*) न्यायालय की अन्तर्निहित शक्तियाँ

(*e*) वाद चलाने का स्थान ।